दिन–गुरूवार दिनांक– 28 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. उन्नीस अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई सीटों के लिए नामांकन समाप्त। कुल एक सौ दस उम्मीदवारों ने भरा पर्चा।

02. छब्बीस अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी। नामांकन के पहले दिन जदयू प्रत्याशी संतोष कुशवाहा ने पूर्णियां से नामांकन किया।

03. महागठबंधन के घटक दलों राजद, कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट बंटवारे का फार्मुला तय। कल होगी औपचारिक घोषणा।

04. और, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों को पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के स्थान पर नेट स्कोर का उपयोग करने को कहा।

———————————————————

उन्नीस अप्रैल को राज्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र भरने का काम समाप्त हो गया। नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन आज औरंगाबाद में पच्चीस, जमुई में इक्कीस, गया और नवादा में सत्ताईस–सत्ताईस उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। इन सभी क्षेत्रों में कुल एक सौ दस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। पहले चरण में गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में मतदान होगा। इनमें गया और जमुई आरक्षित सीटें हैं। नामांकन पत्रों की जांच तीस मार्च को होगी। इच्छुक उम्मीदवार दो अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं।

———————————————————

नामांकन के अंतिम दिन नामांकन प्रक्रिया में काफी तेजी दिखी। सभी संसदीय क्षेत्रों में नामांकन भरने के लिए उम्मीदवारों के बीच आपाधापी की स्थिति बनी रही। सभी प्रमुख दलों और गठबंधन के प्रमुख प्रत्याशियों ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। एक रिपोट–

———बाईट———

पहले चरण के नामांकन के अंतिम दिन आज गया सीट से हम उम्मीदवार जीतन राम मांझी ने अपना नामांकन पत्र भरा। इसी सीट से राजद प्रत्याशी कुमार सर्वजीत ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। जमुई संसदीय क्षेत्र से राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास और लोजपा रामविलास के प्रत्याशी अरूण भारती समेत छह उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इधर, नवादा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्दलीय प्रत्याशी गुंजन सिंह ने भी इसी सीट से अपना नामांकन पत्र भरा है। उधर, औरंगाबाद सीट से

राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। आकाशवाणी समाचार के लिए रजनीकांत चौधरी।

---

छब्बीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए आज अधिसूचना जारी हो गयी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रदेश की पाँच सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका लोकसभा सीटों के लिए नामांकन का कार्य शुरू हो गया। पहले दिन आज पूर्णियां से जदयू प्रत्याशी संतोष कुशवाहा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और आठ अप्रैल तक नामांकन पत्र वापस लिये जा सकेंगे।

---

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अलग–अलग सीटों पर लड़ रहे एनडीए प्रत्याशियों की जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के संकल्पों को और मजबूत करेगी। श्री सिंह ने नवादा में भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के नामांकन के बाद आकाशवाणी से बातचीत करते हुये दावा किया कि इस चुनाव में एनडीए चार सौ पार का लक्ष्य प्राप्त करेगा।

———बाईट———

---

औरंगाबाद सीट से राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा ने कहा है कि इंडिया गठबंधन इस चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करेगा। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये उन्होंने गठबंधन का प्रत्याशी बनाने के लिए वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद किया।

———बाईट———

---

हम पार्टी के संरक्षक और गया सीट से एनडीए उम्मीदवार जीतन राम मांझी ने नामांकन पत्र भरने के बाद कहा कि वे मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा उनके साथ है, इसलिए उनकी जीत पक्की है।

———बाईट———

---

जमुई से राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास ने दावा किया है कि इस चुनाव में इंडी गठबंधन अप्रत्याशीत जीत दर्ज करेगा। नामांकन भरने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि आम जनता उनके साथ है।

———बाईट———

---

प्रदेश की चालीस लोकसभा सीटों को लेकर इंडी गठबंधन के प्रमुख दल राजद और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का फार्मुला तय हो गया है। सूत्रों ने बताया कि राजद छब्बीस सीटों पर, कांग्रेस नौ सीटों पर जबकि माले समेत अन्य वाम दल पांच सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इंडी गठबंधन की ओर से कल दोपहर बाद पटना स्थित राजद कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस बुलाई गयी है, जिसमें सीट बंटवारे का औपचारिक ऐलान किया जायेगा।

---

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम राज्य में पन्द्रह सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि उनकी पार्टी काराकाट, दरभंगा, पाटलिपुत्र, शिवहर, गोपालगंज समेत पन्द्रह सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। श्री इमान ने कहा कि सीवान सीट से अगर पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब निर्दलीय चुनाव लड़ती हैं, तो एआईएमआईएम उनका समर्थन करेगी।

---

जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉक्टर अरूण कुमार ने लोकजन शक्ति पार्टी रामविलास छोड़ दी है। आज उन्होंने पार्टी प्रमुख चिराग पासवान को चिट्ठी लिखकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार पार्टी से टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

---

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने आज जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा की गयी। एनडीए में औपचारिक रूप से शामिल होने के बाद चिराग पासवान की नीतीश कुमार से यह पहली मुलाकात है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, भाजपा नेता मंगल पांडेय और जदयू के वरिष्ठ नेता संजय झा भी मौजूद थे। इस मुलाकात को एनडीए की एकजुटता के प्रर्दशन के रूप में देखा जा रहा है।

---

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

मधुबनी जिले के झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण के तहत आगामी 07 मई को मतदान कराए जाएंगे। जहां 19 लाख 86 हजार 690 मतदाताओं के लिए 2035 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें सात मतदान

केंद्र गढ़गांव बकुआ भरगामा में अवस्थित हैं। जहां मतदाता जलमार्ग से मतदान केंद्र तक पहुंचेंग। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने बताते हैं कि निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रशासन द्वारा 24 घंटे विशेष नजर रखी जा रही है।

———बाइट—जिलाधिकारी अरविंद———

इधर, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने के लिए प्रशासन जुटा हुआ है। अवैध रूप से लोकसभा क्षेत्र में विज्ञापन लगाने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है। एसपी सुशील कुमार बताते हैं कि चुनाव के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

———बाइट— पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार———

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 59 प्रतिशत मतदान हुए थे। जिसे बढ़ाने के लिए मतदाताओं के बीच जिला प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है, ताकि इस बार मतदान 67 प्रतिशत तक पहुंच सके। चुनाव को लेकर युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट—नये मतदाता———

मान्यता प्राप्त दलों में अभीतक सिर्फ जदयू ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा की है। जिसके साथ ही जदयू प्रत्याशी वर्तमान सांसद रामप्रीत मंडल अपने चुनाव अभियान में जुट गये हैं। वहीं, हर कोई को महागठबंधन के प्रत्याशी के घोषणा का इंतजार है। जिसके बाद झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज हो जाएगी।

आकिल हुसैन आकाशवाणी समाचार मधुबनी

---

केन्द्र सरकार ने मनरेगा के तहत वर्ष दो हजार चौबीस पच्चीस के लिए अकुशल कामगारों के दैनिक भुगतान की दरों में बढ़ोतरी की है। ग्रामीण विकास मंत्रायल की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इसके तहत बिहार में इस श्रेणी के मजदूरों को अब दो सौ पैंतालीस रूपये प्रति दिन का भुगतान किया जाएगा। यह अधिसूचना इस वर्ष एक अप्रैल से प्रभावी होगी।

---

देश के सभी विश्वविद्यालय शिक्षा सत्र दो हजार चौबीस—पच्चीस से पीएचडी में प्रवेश के लिए अलग अलग प्रवेश परीक्षाओं के स्थान पर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के अंतर्गत प्राप्त किए गये स्कोर का उपयोग करेगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जून दो हजार चौबीस सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी अगले सप्ताह उपलब्ध हो जाने की आशा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी इस पर काम रही है। इधर, शिक्षाविद डॉक्टर संत कुमार चौधरी ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के इस फैसले से छात्रों को लाभ मिलेगा।

———बाईट———

यूजीसी ने रिसंटली अपने डिसिजन में जो निर्णय लिया है जो नेट क्वालिफाइड हैं उनको पीएचडी के लिए वेटेज मिलेगा उनको डायरेक्ट एडमिशन मिल पाएगा उनके जो परसेंटेज ऑफ़ मार्क्स होंगे उनका जो आधार होगा वह नेट क्वालीफिकेशन के पर आधारित होगा। पहले एचडी में एडमिशन के लिए उन्हें यूनिवर्सिटी अलग—अलग से अनेकों एग्जाम कलेक्ट करती थी, जिससे यह सिंपलीफाई करते हुए यूजीसी में जो डिसीजन लिया है कि नेट

क्वालिफाइड लोगों के लिए बीएससी में डायरेक्ट एडमिशन दिया जा सकता है यह एलिजिबल है यह स्वागत योग्य है।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन्स के दूसरे सत्र के परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र और शहर आवंटन की अग्रिम सूचना जारी कर दी है। जेईई–मेन्स का दूसरा सत्र चार से बारह अप्रैल तक तीन सौ उन्नीस शहरों के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित किया जायेगा।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने आगामी तीस और इकतीस मार्च को होने वाली कम्प्यूटर आधारित डीएलएड प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी है। समिति के एक अधिकारी ने बताया कि नई तारीखों की सूचना बाद में दी जायेगी।

---

सुपौल जिले के किशनपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय का छात्र दुर्गेश कुमार का चयन इसरो के यूविका कार्यक्रम के लिए किया गया है। इसरो के युविका कार्यक्रम के तहत बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित मूलभूत जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत जिले के अंदौली पंचायत का रहने वाला दुर्गेश कुमार को बारह से चौबीस मई के बीच बेंगलुरू के यूआर राव सेटेलाईट सेंटर में प्रशिक्षण दिया जायेगा।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में वृद्धि दर्ज किये जाने से गर्मी का अनुभव हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेश के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान छत्तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले पांच दिनों तक तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।

---

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बलुआहा में एक पेट्रोल पम्प कर्मी से अपराधियों ने दिन–दहाड़े चार लाख रूपये लूट लिये। बताया जा रहा है कि पीड़ित कर्मी बैंक में पैसा जमा कराने जा रहा था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर......

01. उन्नीस अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई सीटों के लिए नामांकन समाप्त। कुल एक सौ दस उम्मीदवारों ने भरा पर्चा।

02. छब्बीस अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी। नामांकन के पहले दिन जदयू प्रत्याशी संतोष कुशवाहा ने पूर्णियां से नामांकन किया।

03. महागठबंधन के घटक दलों राजद, कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट बंटवारे का फार्मुला तय। कल होगी औपचारिक घोषणा।

04. और, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों को पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के स्थान पर नेट स्कोर का उपयोग करने को कहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।